भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 59
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नांदेड में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए धनराशि

59. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को नांदेड, महाराष्ट्र में पर्यटन स्थलों के विकास हेतु धनराशि प्रदान करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र सरकार ने नांदेड के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए धनराशि उपलब्ध कराने हेतु एक सूची भेजी है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है और उक्त धनराशि कब तक उपलब्ध किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । नांदेड़ सहित महाराष्ट्र में ऊपर उल्लिखित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है । पर्यटन मंत्रालय को ऊपर उल्लिखित योजनाओं के तहत सतत रूप से वित्तीय सहायता हेतु प्रस्ताव प्राप्त होते हैं जिनकी जांच योजना दिशानिर्देशों और पर्यटन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अनुसार की जाती है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है और इस योजना के तहत विकास हेतु महाराष्ट्र में 'सिंधुदुर्ग' को चिह्नित किया गया है ।

*****

अनुबंध

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर द्वारा नांदेड में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए धनराशि के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 59 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं की योजना-वार सूची

(राशि करोड़ रु. में)

स्वदेश दर्शन योजना				
क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त/निकासी के लिए प्राधिकृत राशि
1	तटीय परिपथ/ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ का विकास - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव	**19.06**	**18.11**
2	आध्यात्मिक परिपथ/ 2018-19	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा तेलनखंडी- गिराड का विकास	**53.96**	**32.04**
प्रशाद				
1	**2017-18**	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	**52.92**	**29.85**
पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता				
1.	**2016-17**	एक पर्यटक स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता	**15.00**	**15.00**
2.	**2016-17**	नांदेड़ रेलवे स्टेशन	**5.18**	**2.59**
3.	**2017-18**	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण।	**12.50**	**12.50**
4.	**2021-22**	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	**37.50**	**30.00**

*****